اسلام علیک یا رسول اللہ ﷺ



# शजरा शरीफ

## सिलसिला-ए आलिया क़ादरिया बरकातिया रज़विया नूरिया




वारिस-ए उलूम-ए आला हज़रत जानशींन-ए हुज़ूर मुफ्ती-ए आज़म क़ाज़ी-उल क़ुज़ात फिल हिंद
हुज़ूर ताजुश्शरिया हज़रत अल्लामा मुफ्ती

# मुहम्मद अख़्तर रज़ा खान क़ादरी

दामत बरकातुहुमुल आलिया बरेली शरीफ

**जमात रज़ा-ए मुस्तफा**

हैड आफिस, दरगाह आला हज़रत, सौदागरान, बरेली शरीफ

بسم الله الرحمن الرحيم



شجرة طيبة اصلها ثابت وفرعها في السماء



# शजरए तय्यिबा

## सिलसिलए आलिया, क़ादरिया, बरकातिया, रज़विया, नूरिया


पीरे तरीकत हुज़ूर ताजुश्शरीअह
हज़रत अल्लामा मुफ्ती
**मुहम्मद अख़तर रज़ा**
कादिरी अज़हरी मद्दज़िल्लहुल कवी
जानशीने हुज़ूर मुफतीए आज़म

# बिस्मिल्लाहिर-रहमानिर-रहीम

नहमदुहू व नुसल्ली अ़ला रसूलेहिल करीम
शजरतुन तय्यिबतुन अस्लुहा साबितुंव वफ़रउ़हा फ़िस्सिमाअ् हाज़िही सिलसिलती मिम्मशाइख़ी फ़ित्तरीक़तिल अ़लिय्यितिल आ़लियतिल क़ादरिय्यतित्तयिबतिल मुबारकह।

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम वबारिक अ़ला सय्यिदिना व मौलाना मुहम्मदिम- मअ्दिनिलजूदि वल्करमे वआलिहिल क्रामि अजमईन। (1)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल करीम अ़लिय्यिनिल मुर्तदा कर्रमल्लाहु तआ़ला वज्हह (2)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल इमामि हुसैनिनिश्शहीदि रदियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु (3)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल

इमामि अ़लिय्यिब्निल हुसैनि ज़ैनिल आ़बिदीन रदियल्लाहु तआ़ला अन्हुमा (4)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल इमामि मुहम्मदिब्नि अ़लिय्यिनिल बाक़िरि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हुमा (5)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल इमामि मुहम्मदिब्नि जअ़्फ़रिब्नि मुहम्मदिब्निस्स़ा-सादिक़ि रदियल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा (6)

अल्हुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल इमामि मूसब्नि जअ़्फ़रिनिल काज़िमि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हुमा (7)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल इमामि अ़लिय्यिब्नि मूसर्रिदा रदियल्लाहु तआ़ला अन्हुमा (8)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि

व अ़लैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि मअ़्रूफ़ि निल कर्ख़ी रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु (9)

अल्लाहुम्मा सल्लिम व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि सरिय्यि निस्सक़्ती रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु (10)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अलैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि जुनैदि निल बग़दादिय्य रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (11)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अलैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि अबी बक्रि निशिशब्लिय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (12)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अलल मौलश्शैख़ि अबिल फ़द्लि अब्दिल वाहिदित्तमीमीय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (13)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहिम व अ़लैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि अबिल फ़रहित्तरतूसिय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (14)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि अबिल

हसनि अलिय्यि निल क़रशिय्यिल हक्कारिय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (15)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि अबी सईदिनिल मख़्ज़ूमिय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (16)

अल्लाहुम्मा सल्लिम व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल करीम ग़ौसिस्सक़लैनि व ग़ौसिल क़ौनैनिल इमामि अबी मुहम्मदिन अ़ब्दिल क़ादिरिल हसनिय्यिल हुसैनिय्यिल जीलानिय्यि सल्लल्लाहु तआ़ला अला जद्दिहिल करीमि व अ़लैहि व अ़ला मशाइख़िहिल इज़ामि व उसूलिहिल क्रामि व फ़ुरुइहिल ख़िफ़ामि व मुहिब्बीहि वल मुन्तमीना इलैहि इला यौमिल क़ियामि व बारिक व सल्लिम अबदा। (17)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि अबी बक्रिन ताजिल मिल्लति वद्दीनि अ़ब्दिर्रज़्ज़ाक़ि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (18)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि

व अ़लैहिम व अ़लल मौलसय्यिदि अबी स्वालिहीन नस्त्रिन रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (19)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल मुहिय्यिद्दीन अबी नस्त्रिन रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (20)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल अ़लिय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (21)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल मूसा रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (22)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि ह़सनिन रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (23)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल अह्मदल जीलानिय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (24)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक

अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सशैख़ि बहाइद्दीनि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (25)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि इब्राहीम अलईरजिय्यि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (26)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि मुहम्मद भिकारी रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (27)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलल क़ाज़ी ज़ियाइद्दीन अलमअ़रुफ़ बिश्शैख़ि जिया रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (28)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलश्शैख़ि जमालिल अवलिया रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (29)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि मुह्म्मदिन रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (30)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि अह्मद

रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (31)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि फ़द्लिल्लाहि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (32)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिश्शाह बरकतिल्लाहि रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (33)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि आलि मुहम्मदिन रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (34)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिश्शाह हम्ज़ह रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (35)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदि– अश्शाह अबिल फ़द्लि शम्सिल मिल्लति वद्दीनी ऑलि अहमद अच्छे मियाँ रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (36)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलस्सय्यिदिल

करीमिश्शाह आलिरसूलिल अह्मदी रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (37)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलल करीमि सिराजिस्सॉलिकीन नूरिल आ़रिफ़ीन सय्यिदी अबिल हुसैन अ़हमदन्नरिय्यिल मारहरवी रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु व अर्दाहु अन्ना। (38)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़लल मौलल हुमामि इमामि अह्लिल सुन्नति मुजद्दिदिश्शरी अ़तिल आ़तिरते मुअय्यिदिल मिल्लतित्ताहिराति हज़रतिश्शैखि़ अह्मद रज़ा ख़ान रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु बिर्रिदा सर्मदीयि। (39)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम जमीअंव वअ्श्शैख़ हुज्जतिल इस्लाम मौलाना हामिद रज़ा ख़ान रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (40)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अलैहिम जमीअंव व अलश्शैख़ ज़ुब्दतिल अतिक़या अ़लमुफ़्तिल अअ़ज़मि बिलहिन्द

मौलाना मुहम्मद मुस्तफ़ा रज़ा ख़ान अलक़ादिरी रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (41)

अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम जमीअंव व अलश्शैख़िल मुफ़स्सेरिल आज़म मौलाना इब्राहीम रज़ा अल–क़ादिरी रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु। (42)

अल्लाहुम्मा सल्लिम व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम जमीअंव व अ़ला अ़ब्दिकल–फ़क़ीर मुहम्मद अख़्तर रज़ा ख़ान अल–अज़हरी अलक़ादिरी ग़ुफ़िर लहु व लिवालिदैह अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम व अ़ललफ़क़ीर.......
......ग़ुफ़िरालहू अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम व बारिक अ़लैहि व अ़लैहिम जमीअंव व अ़ला साइरि अवलियाइक़ा व अ़लैना, व बिहिम व लहुम व फ़ीहिम व मअ़हुम या अ़रहमर्राहिमीन। आमीन!

❖ ❖ ❖

इलाहि बिहुर्मति
मशाइख़ आक़िबते बन्दए ख़ुद
....................................ग़ुफ़िर लहू
साकिन...........................बख़ैर गर्दां
दस्तख़त :
तारीख़.....................सन् 14................
हि0 / 20...................................ई0

क़ादिरी बुज़ुर्गों के विसाल की तारीखें

(1) 12, रबीउल अव्वल शरीफ़ सन् 11 हिजरी को विसाल हुआ, मदीना तय्यिबा में मज़ारे पाक है।

(2) 21, रमज़ानुल मुबारक सन् 40 हिजरी को शहीद हुए, मज़ारे पाक नजफ़े अशरफ़ में है।

(3) 10, मुहर्रमुल हराम सन् 61 हिजरी को शहीद हुए मज़ारे पाक कर्बलाए मुअ़ल्ला में है।

(4) 18, मुहर्रमुल हराम सन् 14 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक मदीना मुनव्वरा में है।

(5) 7, जिलहिज्जा सन् 114 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक मदीना मुनव्वरा में है।

(6) 15, रजब सन् 148 हिज़री को विसाल हुआ मज़ारे मुबारक मदीना मुनव्वरा में है।

(7) 5, रजब सन् 183 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे मुबारक बग़दाद शरीफ़ में है।

(8) 21, रमज़ानुल मुबारक सन् 203 हिजरी को विसाल हुआ, मज़ारे शरीफ़ मशहदे मुक़द्दस में है।

(9) 2, मुहर्रमुल हराम सन् 200 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(10) 13, रमज़ानुल मुबारक सन् 253 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(11) 27, रजब सन् 297 हिजरी को विसाल हुआ, मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(12) 27, ज़िलहिज्जा सन् 334 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(13) 26, जुमादल उख़रा सन् 425 हिजरी

को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(14) 3, शअ़बानुल मुकर्रम सन् 447 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(15) 1, मुहर्रमुल हराम सन् 483 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(16) 7, शव्वालुल मुकर्रम सन् 513 हिजरी को विसाल हुआ, मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(17) 11 या 17, रबीउल आख़िर सन् 561 हिजरी को विसाल हुआ, मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(18) 6, शव्वालुल मुकर्रम सन् 623 हिजरी को विसाल हुआ, मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(19) 27, रजब सन् 623 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(20) 27, रबीउल अव्वल सन् 656 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(21) 23, शव्वाल सन् 673 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(22) 13, रजब सन् 763 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(23) 26, सफ़र सन् 781 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(24) 19, मुहर्रम सन् 852 हिजरी को विसाल हुआ मज़ारे पाक बग़दाद शरीफ़ में है।

(25) 11, ज़िल हिज्जा सन् 921 हिजरी को विसाल हुआ, दौलताबाद (दकन) में मज़ारे पाक है।

(26) 5, रबीउल आख़िर सन् 953 हिजरी में विसाल हुआ मज़ारे पाक देहली में दर्गाहे महबूबे इलाही में है।

(27) 9, ज़ी क़अ़दा सन् 989 हिजरी में विसाल हुआ मज़ारे मुबारक काकोरी में है।

(28) 21, रजब सन् 981 हिजरी में विसाल हुआ मज़ारे मुबारक क़स्बा न्यूतनी ज़िला लखनऊ में है।

(29) शबे ईदुल फ़ित्र सन् 1047 हिजरी में विसाल हुआ, कौड़ा जहानाबाद ज़ि. फ़तेहपुर हंसवह में मज़ारे पाक है।

(30) 6, शअ़बानुल मुकर्रम सन् 1071 हिजरी में विसाल हुआ मज़ारे पाक काल्पी शरीफ़ में है।

(31) 19, सफ़र सन् 1084 हिजरी में विसाल हुआ मज़ारे पाक काल्पी शरीफ़ में है।

(32) 14, ज़ी क़अ़दह सन् 1111 हिजरी में विसाल हुआ मज़ारे पाक काल्पी शरीफ़ में है।

(33) 10, मुहर्रमुल–हराम सन् 1142 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ारे पाक मारहरह शरीफ़ में है।

(34) 16, रमज़ानुल मुबारक सन् 1164 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ारे पाक मारहरह शरीफ़ में है।

(35) 14, रमज़ानुल मुबारक सन् 1198 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ारे पाक मारहरह शरीफ़ में है।

(36) 17, रबीउल अव्वल सन् 1235 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ारे पाक मारहरह शरीफ़ में है।

(37) 18, ज़िल हिज्जह सन् 1296 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ारे पाक मारहरह शरीफ़ में है।

(38) 11, रजब सन् 1324 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ारे पाक मारहरह शरीफ़ में है।

(39) 25, सफ़र सन् 1340 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ारे शरीफ़ मुहल्ला सौदागरान बरेली शरीफ़ में है।

(40) 17, जुमादल ऊला सन् 1362 हिजरी में विसाल हुआ, मज़ार शरीफ़ बरेली शरीफ़ रज़ानगर में है।

(41) 14, मुहर्रमुल हराम सन् 1402 हिजरी की रात, 1 बज कर 40 मिनट पर विसाल हुआ, मज़ारे मुबारक बरेली शरीफ़ रज़ा नगर में है।

(42) 11, सफर सन् 1385 हिजरी में विसाल हुआ मज़ारे पाक मुहल्ला सौदागरान बरेली शरीफ़ में है। सज्जादा नशीन ख़ानक़ाहे

बरकातिया मारहरह शरीफ़ में जलवा अफ़रोज़ हैं। अल्लाह अपने इन महबूबों के सदक़े और तुफ़ैल में हज़रत की उम्र में सहतो सलामती के साथ बेपनाह बरकतें अ़ता फ़रमाए आमीन बिजाहिन्नबिय्यिल अमीन सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि व अ़ला ऑलिही व अस्हाबिही अज्मईन।

❖ ❖ ❖

# शजर-ए-आलिय्यह

हज़रात आलियह क़ादिरिय्यह बरकातिय्यह नूरिय्यह रज़विय्यह मुस्तफ़विय्यह रिज़वानुल्लाहि तआ़ला अ़लैहिम अज्मईन इला यौमिद्दीन।

या इलाही रहम फ़रमा मुस्तफ़ा के वास्ते
या रसूलल्लाह करम कीजिए ख़ुदा के वास्ते
मुश्किलें हल कर शहे मुश्किल-कुशा के वास्ते
कर बलाएं रद शहीदे करबला के वास्ते
सय्यिदे सज्जाद के सदक़े में साजिद रख मुझे
इल्मे हक़ दे बाक़िरे, इल्मे हुदा के वास्ते

सिद्के सादिक़ का तसद्दुक़ सादिक़ुल इस्लाम कर
बेगज़ब राज़ी हो, काज़िम और रज़ा के वास्ते
बहरे मअ़रूफ़ो सरीय्य मअ़रूफ़ दे बे ख़ुद सरी
जुन्दे हक़ में गिन, जुनैदे बा सफ़ा के वास्ते
बहरे शिबली शेरे हक़ दुनिया के कुत्तों से बचा
एक का रख अ़ब्दे वाहिद बे रिया के वास्ते
बुल फ़रह् का सद्क़ा कर ग़म को फ़रह् दे हुस्नो सअ़द
बुलहसन और बूसईदे सअ़दज़ा के वास्ते
क़ादरी कर क़ादरी रख क़ादरियों में उठा
क़द्रे अब्दुल क़ादिरे कुदरत नुमा के वास्ते
अह्सनल्लाहु लहू रिज़क़न से दे रिज़्क़े हसन
बन्दए रज़्ज़ाक़ ताजुल असफ़िया के वास्ते
नस्र बी स्वालेह का सद्क़ा स्वालिहो मन्सूर रख
दे हयाते दी मुहि्य्ये जां फ़ज़ा के वास्ते
तूरे इरफ़ानो अ़लुवो (1) हम्दवो हुस्नो बहा
दे अली मूसा हसन अहमद बहा के वास्ते
बहरे इब्राहीम मुझ पर नारे ग़म गुलज़ार कर
भीक दे दाता भिकारी बादशाह् के वास्ते

ख़ान–ए–दिल को ज़िया दे रूए ईमाँ को जमाल
शहे ज़िया मौला जमालुल औलिया के वास्ते
दे मुहम्मद के लिए रोजी कर अह्मद के लिए
ख़्वाने फ़ज़्लुल्लाह से हिस्सा गदा के वास्ते
दीनो दुनिया की मुझे बरकात दे बरकात से
इश्क़े हक़ दे इश्क़िये (2) इश्फ़ इन्तिमा के वास्ते
हुब्बे अहले बैत दे आले मुहम्मद के लिए
कर शहीदे इश्क़ हम्ज़ा पेश्वा के वास्ते
दिल को अच्छा तन को सुथरा जान को पुर नूर कर
अच्छे प्यारे शम्स दीं बद्रुल उ़ला के वास्ते
दो जहाँ में ख़ादिमे आले रसूलुल्लाह कर
हज़राते आले रसूले मुक़्तदा के वास्ते
नूरे–जानो नूरे ईमां नूरे क़ब्रों हश्र दे
बुलहुसैने (3) अहमदे नूरी लिक़ा के वास्ते
कर अता अह्मद रजाए अह्मदे मुरसल मुझे
मेरे मौला हज़रते अह्मद रज़ा (4) के वास्ते
हामिदो मेहमूद और हम्मादो अहमद कर मुझे
मेरे मौला हजरते हामिद रज़ा के वास्ते

या ख़ुदा कर ग़ौसे अ'अज़म के ग़ुलामों में क़ुबूल
हम शबीहे ग़ौसे अ'अज़म मुस्तफ़ा के वास्ते
सायए–जुम्ला मशाइख़ या ख़ुदा हम पर रहे
रहम फ़रमा आले रह्मां मुस्तफ़ा के वास्ते
बहरे इब्राहीम भी लुत्फो अताए खास हो
नूर की सरकार से हिस्सा गदा के वास्ते
ऐ ख़ुदा अख़्तर रज़ा को चरख़ पर इस्लाम के
रख दरख़्शा हर घड़ी अपनी रज़ा के वास्ते
सदक़ा इन अअ़याँ का दे छः ऐन इज़्ज़ इल्म व अ़मल
अफ़्वो इरफ़ां आफ़ियत इस बेनवा के वास्ते

❖ ❖ ❖

# बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

फ़ातिहए सिलसिला :– ये शजरए मुबारक हर रोज़ बाद नमाज़े सुबह एक बार पढ़ लिया करें, इसके बाद दुरूदे ग़ौसियह् सात बार अल्हम्दु शरीफ़ एक बार आयतल कुर्सी एक बार, क़ुल हुवल्लाह शरीफ़ सात बार, फिर दुरूदे ग़ौसियह् तीन बार पढ़ कर इसका सवाब इन तमाम मशाइख़े किराम की अरवाह तय्यिबात की नज़्र करें। जिसके हाथ पर बैअ़त की है (मुरीद हुआ है) अगर वो ज़िन्दा हो तो उसके लिये सलामती की दुआ करें वरना उसका नाम भी फ़ातिहा में शामिल करें।

दुरूदे ग़ौसियह ये है।

अल्लाहुम्मा सल्लि अ़ला सय्यिदिना व मौलाना मुहम्मदिम मअ़दिनिल जूदि वल करम व आलिही व बारिक व सल्लिम।

# पंजगंज क़ादरी

बाद नमाज़े सुबह या अज़ीज़ु या अल्लाहु बाद नमाज़े ज़ोहर या करीमु या अल्लाहु बाद नमाज़े अस्र या जब्बारू या अल्लाहु बाद नमाज़े मग़रिब या सत्तारू या अल्लाहु बाद नमाज़े इशा या ग़फ़्फ़ारू या अल्लाहु सब सौ–सौ बार, अव्वल, आख़िर 3–3 बार दुरूद शरीफ़ इसको हमेशा पढ़ने से बेहिसाब दीन और दुनिया की बरकतें ज़ाहिर होंगी।

बाद नमाज़े फ़ज्र सूरज निकलने से पहले और बाद नमाज़े मग़रिब 10 बार हस्बियल्लाहु लाइला ह इल्ला हू अलैहि तवक्कलतु व हु व रब्बुल अर्शिल अज़ीम, 10 बार रब्बि इन्नी मस्सनियद्दुर्रू व अन त अर्हमुर्राहिमीन 10, बार रब्बिइन्नी मग़लूबुन फ़न्तसिर, 10, बार सयुहज़मुल जम् उ़व युवल्लूनद्दुबुरो 10 बार अल्लाहुम्म इन्ना नज्अलुका फ़ी नुहू रिहिम् व नऊ़ज़ु बिका मिन

शुरूरिहिम इसको हमेशा पढ़ने से सब काम बनेंगे, दुश्मन मग़लूब रहेंगे।

## क़ज़ाए ह़ाजात व हुसूले ज़फ़र व मग़लूबि–ए–दुशमनाँ

(मुरादे पूरी होने, कामयाबी के हासिल होने और दुशमनों पर ग़लबा पाने के लिये हमेशा ये दुआएँ पढ़ें)

(1) अल्लाहु रब्बी ला शरी क़ लहू आठ सौ चौहत्तर (874) बार पहले और बाद में 11–11 बार दुरूद शरीफ़ इस मुक़र्ररह मिक़दार के मुताबिक़ बावुज़ू क़िब्ले की तरफ़ मुँह करके दो ज़ानू (जैसा नमाज़ में बैठते है।), बैठ कर मुराद पूरी होने तक पढ़े और इसी कलमे को उठते–बैठते, चलते फ़िरते, वुज़ू–बे वुज़ू हर हाल में बेगिन्ती, पढ़ते रहें।

(2) हस्बुनल्लाहु व निअ़मल वकील चार सौ पचास (450) बार रोज़ाना मुराद हासिल होने तक अव्वल, आख़िर दुरूद शरीफ़ 11–11 बार

जिस वक़्त घबराहट हो इसी कलमे को बेगिन्ती पढ़े।

(3) बाद नमाज़े इशा एक सौ ग्यारह (111) बार "तुफ़ैले हज़रते दस्तगीर दुश्मन होवे ज़ेर" पहले और बाद में 11–11 बार दरूद शरीफ़ मुराद पूरी होने तक यह तीनों अ़मल, ऊपर बयान किये हुए कामों के लिए निहायत ही असरदार और आज़मूदा हैं, इन से ग़फ़लत (लापरवाई) न की जाए।

जब कोई ज़रूरत पेश आए हर एक इतने–इतने मुक़र्ररह तअ़दाद के मुताबिक़ पढ़ा जाए। पहले और दूसरे के लिए कोई वक़्त मुक़र्रर नहीं, जब चाहें पढ़ें और तीसरे का वक़्त इशा की नमाज़ के बाद है।

जब तक मुराद पूरी न हो तीनों इसी तरतीब से पढ़ें और जिस ज़माने में कोई हाजत पेश न हो तो पहले और दूसरे को रोज़ाना 100–100 बार पढ़ लिया करें पहले और बाद में 3–3 बार दुरूद शरीफ़ पढ़ें।

## ज़रूरी हिदायात

(1) मज़हबे अहले सुन्नत व जमाअत पर क़ायम रहें जिस पर उलमा–ए–हरमैन शरीफ़ैन हैं (इस से मुराद वो उलमा–ए–हरमैन शरीफ़ैन हैं जिन्होंने देवबन्दियों और वहाबियों वग़ैरहुम पर फ़तवा सादिर फ़रमाया जिसकी तफ़्सील हुसामुल हरमैन शरीफ़ मुसन्निफ़ अअ़्ला हज़रत इमाम अहमद रज़ा रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु में हैं।). सुन्नियों के जितने मुख़ालिफ़ मसलन वहाबी, देवबन्दी, राफ़िज़ी (शीआ़ और बोहरे), तबलीग़ी, मौदूदी, नदवी, नेचरी, ग़ैर मुक़ल्लिद क़ादियानी वग़ैरहुम हैं, सब से जुदा रहें और सबको अपना दुश्मन और मुख़ालिफ़ जानें, उनकी बात न सुनें, उनके पास न बैठें, उनकी कोई तह्‌रीर न देखें कि शैतान को मआ़ज़ल्लाह दिल में वसवसा, डालते कुछ देर नहीं लगती। आदमी को जहाँ माल या आबरू का अन्देशा हो हरगिज़ न जाएगा। दीनों ईमान सब से ज़्यादा अ़ज़ीज़

चीज़ है, इनकी हिफ़ाज़त में हद से ज़्यादा कोशिश फ़र्ज़ है, माल और दुनिया की इज़्ज़त, दुनिया की ज़िन्दगी, दुनिया ही तक है। दीनों ईमान से हमेशगी के घर में काम पड़ता है, उनकी फ़िक्र सबसे ज़्यादा लाज़िम है।

(2) नमाज़े पंजगाना की पाबन्दी निहायत ज़रूरी है, मर्दों को मस्जिद में जमाअ़त से अदा करना चाहिये बे नमाज़ी वही नहीं है, जो कभी नहीं पढ़े बल्कि जो एक वक़्त की भी क़सदन खो दे बे नमाज़ी है। किसी की नौकरी मुलाज़मत ख़्वाह तिजारत वग़ैरह किसी हाजत के सबब नमाज़ क़ज़ा कर देनी, सख़्त नाशुक्री, परले सिरे की नादानी है, कोई आज़ा यहाँ तक कि अगर कोई काफ़िर का भी नोकर हो (तो वो भी) अपने मुलाज़िम को नमाज़ से रोक नहीं सकता और अगर मना करे तो ऐसी नौकरी हरामे क़तई है और कमाई का कोई भी जरीया नमाज़ खोकर बरकत नहीं ला सकता। रिज़्क़ तो

उसके हाथ में है, जिस ने नमाज़ फ़र्ज़ की है। और उसके छोड़ने पर ग़ज़ब फ़रमाता है (अल अ़याज़ बिल्लाहि तआ़ला)।

(3) जितनी नमाज़ें क़ज़ा हो गई हैं, सब का ऐसा हिसाब करे कि अन्दाज़े में बाक़ी न रह जाएं ज़्यादा हो जाएं तो हर्ज़ नहीं और वो सब रफ़्ता-रफ़्ता निहायत जल्द अदा करें। काहिली न करें कि मौत का वक़्त मअ़लूम नहीं और जब तक फ़र्ज़ ज़िम्मे पर बाक़ी होता है, कोई नफ़्ल कुबूल नहीं किया जाता। क़ज़ा नमाज़ें जब बहुत सी हो जाएं जैसे सौ (100) बार की फ़ज्र क़ज़ा है तो हर बार यूं नियत करें कि सब में पहली वो फ़र्ज़ जो मुझ से क़ज़ा हुई, यानी जब एक अदा हुई तो बाक़ियों में जो सब से पहली है। इसी तरह ज़ोहर वग़ैरह हर नमाज़ में नियत करें क़ज़ा में फ़क़त फ़र्ज़ और वित्र यानी हर दिन और रात की 20 रक्अ़त अदा की जाती हैं।

(4) जितने रोज़े भी क़ज़ा हुए हो दूसरा

रमज़ान आने से पहले अदा कर लिये जाएं कि हदीस शरीफ़ में है।

जब तक पिछले रमज़ान के रोज़ों की क़ज़ा न कर ली जाए अगले रोज़े कुबूल नहीं होते।

(5) जो मालदार हैं ज़कात भी दें, जितने बरसों की न दी हो फ़ौरन हिसाब करके अदा करें। हर साल की ज़कात साल पूरा होने से पहले दे दिया करें। साल पूरा होने के बाद देर लगाना गुनाह है। लेहाज़ा शुरू साल से रफ़्ता–रफ़्ता देते रहें साल पूरा होने पर हिसाब करें अगर पूरी अदा हो गई तो बेहतर, वरना जितनी बाक़ी हो फ़ौरन दे दें और अगर कुछ ज़्यादा निकल गया है तो वो आइन्दा साल में जोड़ लें अल्लाह अ़ज़्ज़ व जल्ल किसी का नेक काम ज़ाए नहीं करता।

(6) साहिबे इस्तिताअ़त (जिसे ताक़त हो उस) पर हज भी फ़र्ज़ अअ़ज़म है। अल्लाह अ़ज़्ज़ व जल्ल ने इसकी फ़र्ज़ियत बयान कर के

फ़रमाया (तर्जमा) और जो कुफ़्र करे तो अल्लाह सारे जहान से बेपरवाह है। नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने तारिके हज (हज छोड़ने वाले) को फ़रमाया है कि चाहे यहूदी हो कर मेरे या नसरानी (ईसाई) होकर वल अयाज़ बिल्लाहि तआ़ला अन्देशों की वजह से रूक न जाए।

(7) किज्ब, (झूठ), फ़हश, (बे हयाई) चुग़ली, ग़ीबत, ज़िना लिवातत ज़ुल्म, ख़यानत, रिया (इबादत में दिखावा) तकब्बुर, दाढ़ी मुंडाना या कतरवाना, फ़ासिक़ों की वज़अ़ (तरह) पहनना, हर बुरी ख़स्लत से बचें, जो इन सात बातों पर अ़मल करेगा अल्लाह व रसूल के वअ़दे से उसके लिये जन्नत है जल्ला जलालुहू वसल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि व अ़ला ऑलिही व अस्ह़ाबिही व सल्लम आमीन। पांचों वक़्त की नमाज़ों के बाद, "पंज गंज क़ादरी" शुरू करने से पहले ये पढ़ें।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम वश्शमस वल क़मरा वन्नुजूम मुसख़्ख़रातिं बि अम्रिह अला लहुल ख़ल्कु

वल अम्र तबारकल्लाहु रब्बुल आलमीन गिर्देमन, गिर्दे ख़ानए मन, व गिर्दे ज़नो फ़र्ज़न्दाने मन, व गिर्दे मालो दोस्ताने मन हिसारे हिफ़ाज़ते तू शवद व तू निगहदार बाशी या अल्लाहु बिहक़्क़ि सुलैमानब्नि दाऊद अ़लैहिस्सलाम व बिहक़्क़ि अहयन अश्राहिय्यन व बिहक़्क़ि लाइलाह इल्लल्लाहु मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह व बिहक़्क़ि या मुअ़मिनु या मुहैमिनु सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि व आलिही व साहिबही व सल्लम – एक बार पढ़ कर कलमे की उंगली पर फूँक कर तीन बार अपने सीधे कान की जानिब हिसार की नीयत से कलिमे की उंगली से हल्क़ा (गोल दाइरा) खींचा करें। हर वक़्त ऐसा ही करें। फिर उस वक़्त का अ़मल "पंज गंज" से शुरू करें और अगर हर वक़्त की "पंज गंज" के अ़मल के बाद या बासितु 72 बार और बढ़ा लें तो और बेहतर है और अगर चाहें तो फ़ज्र के वक़्त या हय्यु या क़य्यूमु ला इला ह इल्ला अन्ता सुब्हा न क इन्नी

कुन्तु मिनज़्ज़ालिमीन, ज़ोहर के वक़्त या हय्यु या क़य्यूमु बिरहमतिक अस्तग़ीसु अस्र के वक़्त हस्बुनल्लाहु व निअ्मल वकील मग़रिब के वक़्त रब्बि इन्नी मस्सनियद्दुर्रू व अन्त अरहमुर्राहिमीन इशा के वक़्त व उफ़व्विदु अम्री इल्लल्लाह इन्नल्लाह बसीरुम बिलइबाद। हर बार, एक सौ ग्यारह (111) बार अव्वल आख़िर दुरूद शरीफ़ 11–11 बार। रात के वक़्त दुरूदे ग़ौसिया शरीफ़ भी 500 बार और पढ़ लें ताकि पंज–गंज ख़ास हो जाए।

अव्वल आख़िर 11–11 बार दुरूद शरीफ़ या कम से कम 3–3 बार रात को सोते वक़्त भी ये हिसार पढ़ा करें और कलिमे की उंगली पर दम करके चारों तरफ़ हल्क़ा ख़ींचे। फिर चित लेट कर घुटने खड़े करके दोनों हाथ दुआ की तरह फ़ैलाए हुए सीने पर रख कर आयतुल कुर्सी शरीफ़ एक बार चारों क़ुल तर्तीबवार सिर्फ़ क़ुल हुवल्लाह 3 बार बाक़ी एक–एक बार पढ़ा

करें और हाथों पर दम करके अपने सर से पांव तक आगे–पीछे, दाएं–बाएं तमाम जिस्म पर हाथ फेर दे दाईं करवट पर सोया करें – छोटे बच्चे तो खुद नहीं पढ़ सकते, उनके बड़ों में से कोई अपने हाथों पर पढ़ कर दम करके उनके जिस्म पर हाथ फेरा करें।

सूरह वाक़िया और सूरह यासीन और सूरह मुल्क याद कर लें ये तीनों सूरतें भी बिला नाग़ा रात को सोते वक़्त पढ़ लिया करें। जब तक हिफ़्ज़ याद न हों क़ुरआने अज़ीम से देख कर पढ़ें ये सब पढ़ने के बाद फिर कोई बात न की जाए चुप सो रहें। रात में अगर ज़रूरी बात करना ही हो तो बात कर लें फिर सूरह काफ़िरून एक बार पढ़ कर चुपके सो जाएं, इनशा अल्लाह तआला बलाओं से महफ़ूज़ रहेंगे, दुश्मन दूर होंगे, मुरादें हासिल होंगी, हलाल कमाई बढ़ेगी, फ़ाक़े की मुसीबत से महफ़ूज़ रहेंगे और ख़ुदा नसीब फ़रमाए दौलते बेदार दीदारे फ़ैज़े आसार

सरकारे अबद क़रार हुज़ूर सय्यिदुल अबरार सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम से इन्शाअल्लाह मुस्तफ़ीज़ होने की क़वी उम्मीद रखें, इनशाअल्लाह तआ़ला ख़ातिमा ईमान पर होगा, अ़ज़ाब से बचे रहेंगे, मगर सही़ह़ पढ़ना शर्त है। कुरआने अ़ज़ीम जो सही़ह़ न पढ़ता हो उस पर फ़र्ज़ है कि जल्द पढ़ना सीखे हर हर्फ़ को उसके सही़ह़ मख़रज़ से निकाले।

❖ ❖ ❖

# ज़िकरे नफ़ी व इस्बात

लाइला ह इल्लल्लाह 200 बार अल्लाहु अल्लाह 600 बार इल्लल्लाह 400 बार अव्वल आख़िर दुरूद शरीफ़ 3–3 बार।

तर्कीब ज़िक्रे जहर

ज़िक्रे जहर से पहले दस बार दुरूद शरीफ़ 10 बार इस्तिग़फ़ार 3 बार आयत फ़ज़कुरूनी अज़कुर्कुम वशकुरूली वला तक्फ़ुरून पढ़ कर अपने ऊपर दम करें फिर ज़िक्रे जहर शुरू करें। लाइलाह इल्लल्लाह 200 बार इल्लल्लाह 400 बार अल्लाहु अल्लाहु 600 बार ये (कुल) बारह तस्बीहों का ज़िक्र है। इसके बाद हक़ 100 बार या कमोबेश बतौर सेह ज़र्बी या चहार ज़र्बी।

❖ ❖ ❖

# याद दहानी

याद दारी कि वक्ते ज़ादने तू
हमा खान्दाँ बूदन्द तू गिर्यां
आँ चुनां ज़ी कि वक़्ते मुर्दने तू
हमा गिर्यां शवन्द तू खान्दां

(तर्जुमा) ऐ अज़ीज़ याद रख कि तेरी पैदाइश के वक़्त सब हंसते थे, मगर तू रो रहा था। ऐसा जीना जी कि तेरी मौत के वक़्त सब रो रहे हों और तू हंसता हो। तू अगर ख़ुलूस के साथ ख़ुदा की याद में गिर्यां व ज़ारी करता है हिजरे हबीब फ़्राक़े महबूब में दिल तपां, सीनए बिर्यां, गिर्यां कुनाँ रहे तो ज़रूर–ज़रूर इन्तिक़ाल के वक़्त महबूब का विसाल पाकर तू शादो फ़रहां होगा और मख़्लूक़ तेरी जुदाई पर नालां व परीशाँ होगी। ऐ अज़ीज़ अपने ये अहद याद रख जो तूने ख़ुदा से इस नाचीज़ गुनहगार बन्दे के हाथ में हाथ देकर किये हैं और इस फ़क़ीर

बे तौक़ीर के लिए भी दुआ़ कर कि जैसी चाहिये वैसी पाबनदिये अहकामे ख़ुदावन्दी में जब तक जियूं ता दमे वापसी ऐसी पाबन्दी करता रहूँ। ऐ अ़ज़ीज़ तूने अ़हद किया है कि तू मज़हबे अहले सुन्नत पर क़ायम रहेगा। हर बदमज़हब की सोहबत से बचता रहेगा इस पर सख़्ती से क़ायम रहना।

ऐ अ़ज़ीज़! याद रख तूने अ़हद किया है कि तू नमाज़, रोज़े हर फ़र्ज़ और वाजिब को भी उनके वक़्तों पर अदा करता रहेगा और गुनाहों से बचता रहेगा, ख़ुदा करे तू अपने अ़हद पर क़ायम रहे। अ़हद तोड़ना हराम है और सख़्त ऐब और निहायत बुरा काम है। वफ़ाए अ़हद लाज़िम है, अगरचे किसी अदना सी अदना मख़्लूक़ से किया हो। ये अ़हद तो तूने ख़ालिके जल्ला व अ़ला से किया है।

ऐ अ़ज़ीज़ ! मौत को याद रख अगर मौत को याद रखेगा तो इन्शा अल्लाह तआ़ाला हलाकत

से बचा रहेगा। दीनो ईमान सलामत ले जाएगा और इत्तिबाए शरीअ़त करता रहेगा। गुनाहों से बचता रहेगा।

ऐ अ़ज़ीज़ ! आज जाग ले कि मौत के बाद सुख चैन इत्मीनानो आराम की नींद सोता रहेगा फ़रिश्ते तुझ से कहेंगे। "नम कनोमतिल उरूस"

सुन, सुन, सुन !

जागना है जाग ले अफ़्लाक के साये तले
हश्र तक सोता रहेगा ख़ाक के साये तले।

ऐ अ़ज़ीज़! दुनिया पर मत रीझ, दुनिया पर वाला व शैदा होना ही ख़ुदा से ग़ाफ़िल होना है। दुनिया ख़ुदा से ग़फ़लत ही का नाम है।

चीस्त दुनिया, अज़ ख़ुदा ग़ाफ़िल बुदन
न किमाशो नक़रओ फ़र्ज़न्दो ज़न।

(दुनिया क्या है? ख़ुदा से ग़ाफ़िल होना। हुनरमन्दी रुपये, पैसे, बीवी–बच्चे, यह सब दुनिया नहीं है, बल्कि ख़ुदा से ग़ाफ़िल हो जाना दुनिया है)।

# पर्दे की अहमियत

औ़रतें पर्दे को फ़र्ज़ जानें हर ना मेहरम से पर्दा फ़र्ज़ हैं न बे पर्दा फ़िरें, न बे पर्दा घर में रहें, बारीक कपड़े जिन से बदन या बाल चमकें पहन कर पहुँचों के ऊपर का हिस्स पांव के टख़ने के ऊपर पिन्डली का हिस्सा और गला, सीना खोल कर बारीक कपड़ों से नुमायां होने की हालत में, महज़ ग़ैर नहीं, जेठ, देवर, बहनोई भी नहीं, अपने सगे चचा ज़ाद, ख़ाला ज़ाद, फूफ़ी ज़ाद, मामूँ ज़ाद भाई के सामने होना भी हराम है – हमरा है बद अन्जाम है। मर्दों पर फ़र्ज़ है कि वो अपनी बीवियों, बेटियों, बहनों वग़ैरहा महरम औ़रतों को बे पर्दगी से बचाएं पर्दे की ताकीद करें और हुक्म न मानने

पर जिन्हें सज़ा दे सकते हैं सज़ा दें। जो मर्द अपने महारिम की बे पर्दगी की परवा न करेगा, ग़ैर महरमों के सामने फिराएगा, ख़ुसूसन इस तरह कि बे पर्दगी के साथ बेसतरी भी बअज़ आज़ा की हो (ऐसा आदमी) दय्यूस (औरतों का दलाल) ठहरेगा वल अ़याज़ बिल्लाहि तआ़ला।

❖ ❖ ❖

# यारों बकोशीद

किये जाओ कोशिश मेरे दोस्तो
न कोशिश से इक आनको तुम थको
ख़ुदा की तलब में सई करते रहो
जितने हो सके मुजाहिदे करो।

यक़ीने कामयाबी व कामरानी रखो खुदा फ़रमाता है (तर्जमा) जो हमारी तलब में कोशिश करते हैं ज़रूर हम उन्हें राहें दिखाते, मक़सूद से मिलाते हैं। मौला तआला तुम्हारे लिये फ़तह हर बाबे, ख़ैर बिल–ख़ैर फ़रमाए। आमीन

उसकी राह में क़दम रखते ही अल्लाह करीम के ज़िम्मए करम पर तुम्हारे लिये अज्र होगा हुज़ूर पुर नूर अलैहिस्सलातो वस्सलाम फ़रमाते हैं जो किसी चीज़ का तालिब होगा और कोशिश करेगा, पा लेगा। हां–हां बढ़े चलो मुहब्बतो इख़्लास शर्त है। पीर की मुहब्बत रसूल

की मुहब्बत है, रसूल की मुहब्बत ख़ुदा की मुहब्बत है, जितनी मुहब्बत ज़्यादा होगी और जितनी अक़ीदत पुख़्ता हो उतना ही फ़ायदा ज़्यादा से ज़्यादा होगा अगरचे पीर आम इंसान ही हो, वह बा कमाल न हो, मगर पीर सहीह हो कि शराइते पीरी का जामेअ् हो। सिलसिला मुत्तसिल होगा तो सरकार के फ़ैज़ से ज़रूर फ़ैज़ मिलेगा। ऐ फ़रज़न्दे तौहीद। हर अम्र में तौहीद को निगाह रख।

(ख़ुदा यके, व मुहम्मद यके व पीर यके) तेरी तवज्जह एक होना एक ही रहना लाज़िम, परेशान नज़र, परेशान ख़ातिर धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का न बन। ख़ुदा की रज़ा में गुम हो जा। दीन, दुनिया के हर काम इख़्लास के साथ उसी के लिए कर, शरीअ़त की पैरवी कर, जादए शरीअ़त की पैरवी कर, जादए शरीअ़त से एक दम को क़दम बाहर न रखना, खाना, पीना, उठना बैठना, लेटना, सोना, जाना,

आना, कहना, सुनना, लेना, देना, कमाना, सर्फ़ करना, हर अम्र उसी के लिये कर, उसी की रज़ा हो मद्दे नज़रा।

ऐ रज़वी। फ़ना फ़िर्रज़ा होकर सरापा रज़ाए अहमदी रज़ाए इलाही हो जा तेरा मक़सूद, बस तेरा मअ़बूद हो, उसकी रज़ा ही तेरा मतलूब हो।

फ़िराक़ो वस्ल चे ख़्वाही रज़ाए दोस्त तलब
कि हैफ़ बाशद अज़ो गैरे ऊ तमन्नाए

रिया से बचने की कोशिश करते रहना, हर काम इख़्लास से खुदा की रज़ा के लिए शरीअ़त की इत्तिबअ़ करना ये बड़ी सआ़दत, अ़ज़ीम मुजाहिदा व रियाज़त है। हमारे बाज़ मशाइख़ का इरशाद है। लोग रियाज़तों की हवस करते हैं, कोई रियाज़त मुजाहिदा अरकानों आदाबे नमाज की रिआयत करने के बराबर नहीं, खुसूसन पांचों वक़्त मस्जिद में नमाज़ बा जमाअ़त अदा करना।

# ख़त्मे कुरआन

औलिया–ए–कामिलीन का इर्शाद है कि सुबह तिलावते कुरआन ज़रूरतें पूरी होने के लिए मुजर्रब है, जितना भी रोज़ हो सके अदब के साथ पढ़ता रहे, अगर इस तरह पढ़े तो बहुत बेहतर है, जल्द इन्शा अल्लाह तआ़ला कामयाब हो, जुमा के दिन से शुरू करो और जुमेरात को ख़त्म करो। जुमा के दिन सुरए फ़ातिहा से सूरए माइदा, तक सनीचर के दिन सूरए अनआ़म से सूरए तौबा तक इतवार के दिन सूरए यूनुस से सूरए मरयम तक पीर के दिन सूरए तॉहा से सूरए क़सस तक मंगल के दिन सूरए अनकबूत से सूरए स्वाब आख़िर तक, बुध के दिन सूरए जुमर से सूरए रहमान के आख़िर तक, जुमेरात के दिन सूरः वाक़िआ़ से आख़िरे कुरआ़न तक तनहाई में पढ़ें, बीच में बात न करें हर मुहिम के हुसूल के लिए मुसलसल 12 ख़त्म को अक्सीरे आज़म यक़ीन करें।

# फ़ज़ीलते दुरूद शरीफ़

दुरूद शरीफ़ के फ़ज़ाइलो बरकात बेशुमार अहादीस में मज़कूर। यहां सिर्फ़ एक हदीस दर्ज की जाती है, जिस से अन्दाज़ा होगा कि हुज़ूर नबी–ए–करीम सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के दरबारे गोहर बार में हदिया–ए–दुरूद पेश करना किस क़द्र दुनयवी व उख़रवी फ़ायदों को मुतज़म्मिन है। हज़रत उबैय इब्ने कअ़ब रज़ि अल्लाहु तआ़ला अन्हु फ़रमाते हैं। कि मैंने नबी–ए–करीम सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि व सल्लम से अ़र्ज़ किया कि हुज़ूर मैं आप पर बहुत ज़्यादा दरूद भेजना चाहता हूँ पस उस के लिए कितना वक़्त मुक़र्रर करूं? हुज़ूर नबी–ए–करीम सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि जितना चाहो, मैंने अ़र्ज़ किया चौथाई वक़्त? फ़रमाया कि तुम्हारी ख़ुशी हां अगर ज़्यादा करो

तो तुम्हारे लिये बेहतर है। मैंने अ़र्ज़ किया कि आधा वक़्त? फ़रमाया कि तुम्हारी ख़ुशी, अगर ज़्यादा करो तो तुम्हारे लिये बेहतर है मैंने अ़र्ज़ किया कि दो तिहाई वक़्त? फ़रमाया कि तुम्हें इख़्तियार है, हां अगर ज़्यादा करो तो तुम्हारे लिये बेहतर है मैंने अ़र्ज़ किया कि हुज़ूर तमाम वक़्त? तो हुज़ूर रहमते आलम सल्लल्लाहु अ़लैहि व सल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि अगर ऐसा करो तो तुम्हारे तमाम मक़ासिद (दीनी व दुनयवी) पूरे होंगे और तमाम गुनाह (ज़ाहिरी व बातिनी) मिटा दिये जाएंगे। (तिर्मिज़ी शरीफ़)

❖ ❖ ❖

# तसव्वुरे शैख़


ख़लवत (तनहाई) में आवाज़ों से दूर पीर के मकान की तरफ़ और विसाल हो गया हो तो जिस तरफ़ पीर का मज़ार हो, मुतवज्जह होकर बैठे बिल्कुल ख़ामोश बाअदब पीर की सूरत का तसव्वुर करे। और अपने आपको उनके हुज़ूर क़रीब जाने और ये ख़्याल दिल में जमाए कि सरकारे रिसालत मआ़ब अ़लैहि अफ़ज़लुस्सलातु वस्सलाम से अनवारे फ़ुयूज़ शैख़ के क़ल्ब पर फ़ाइज़ हो रहे हैं और मेरा क़ल्ब, क़ल्बे शैख़ के नीचे भिकमंगों की सूरत में लगा हुआ है, उसमें से अनवारो फ़ुयूज़ उबल–उबल कर मेरे दिल में आ रहे हैं, इस तसव्वुर को बढ़ाये तहां तक कि जम जाए और तकल्लुफ़ की हाजत न रहे। इसकी इन्तिहा पर सूरते शैख़ ख़ुद मुतमस्सिल (साया) हो कर मुरीद के साथ रहेगी और हर

काम में मदद देगी और इस काम में जो मुश्किल उसे पेश आएगी उसका हाल (तरीक़ा) बताएगी।

हर नमाज़ के बाद ये मुनाजात पढ़ें

या इलाही हर जगह तेरी अ़ता का साथ हो,
जब पड़े मुश्किल शहे मुश्किल कुशा का साथ हो
या इलाही भूल जाऊं नज़अ् की तक्लीफ़ को,
शादिये दीदार हुस्ने मुस्तफ़ा का साथ हो
या इलाही गोरे तीरह की जब आए सख़्त रात,
उनके प्यारे मुँह की सुब्हे जां फ़ज़ा का साथ हो
या इलाही जब पड़े महशर में शोरे दारोगीर,
अम्न देने वाले प्यारे पेशवा का साथ हो,
या इलाही जब ज़ुबानें बाहर आएं प्यास से,
साहिबे कौसर शहे जुदो अ़ता का साथ हो
या इलाही सर्द मोहरी पर हो जब ख़ुर्शीदे हश्र,
सय्यिदे बेसाया के ज़िल्ले लिवा का साथ हो
या इलाही गर्मिये महशर से जब भड़कें बदन,
दामने महबूब की ठंडी हवा का साथ हो
या इलाही नामए आमाल जब खुलने लगें,

ऐब पोशे ख़ल्क़, सत्तारे ख़ता का साथ हो
या इलाही जब बहें आँखें हिसाबे जुर्म में,
उन तबस्सुम रेज़ होंठों की दुआ का साथ हो
या इलाही जब हिसाबे ख़न्दए बेजा रुलाए,
चश्मे गिरयाने शफ़ीए मुर्तज़ा का साथ हो
या इलाही रंग लाए जब मेरी बेबाकियां,
उनकी नीची–नीची नज़रों की हया का साथ हो
या इलाही जब चलूं तारीक़ राहे पुल सिरात,
आफ़ताबे हाशिमी नूरुल हुदा का साथ हो
या इलाही जब सरे शम्शीर पर चलना पड़े,
रब्बे सल्लिम कहने वाले गमज़ुदा का साथ हो
या इलाही जो दुआएं नेक हम तुझ से करें,
कुदसियों के लब से आमीं रब्बना का साथ हो
या इलाही जब रज़ा ख़्वाबे गिरां से सर उठाए,
दौलते बेदार इश्क़े मुस्तफ़ा का साथ हो,
या इलाही ले चलें जब दफ़न करने क़ब्र में,
गौसे आज़म पेशवाये औलिया का साथ हो



دُنیائے سُنیّت کی عظیم درسگاہ
مرکز الدراسات الإسلامیۃ
جامعۃ الرضا
بریلی شریف یوپی، ھند
CENTRE OF ISLAMIC STUDIES JAMIAT-UR-RAZA BAREILLY SHARIF
سینٹر بلڈنگ
Jamiat ur Raza
D. & P. by : Maktaba Naimia - 011-23251926